an>

Title: Need to formulate a policy to check recurring floods in Ambala district of Haryana.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : महोदया, मैं अपने लोकसभा क्षेत्र अम्बाला की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। मेरे लोकसभा क्षेत्र के काफी हिस्से के साथ यमुना नदी लगती है। हर वर्ष वर्षा के दिनों में यहां बाढ़ आती है, जिसके कारण किसानों की जमीन का भारी कटाव होता है और फसल की बरबादी होती है। वर्षों से यमुना नदी में खनन न होने की वजह से रेत का स्तर भी काफी बढ़ गया है, जिसके कारण बाढ़ का पानी किनारों से बाहर निकल कर फसलों को नुकसान पहुंचाता है। एक अनुमान के अनुसार यमुना केवल दो लाख क्यूसेक पानी को सहन कर पाती है, लेकिन कई बार छह से लेकर आठ लाख क्यूसेक पानी यमुना नदी में छोड़ दिया जाता है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि यमुना जल प्रबंधन नीति बनाई जाए, जिससे कि किसानों की फसलों व जमीन को बरबाद होने से बचाया जा सके।